# University in News on 28 March 2020

**NBT**

## एलयू का टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ करेगा वर्क फ्रॉम होम

■ **एनबीटी, लखनऊ :** एलयू प्रशासन ने 21 दिन के लॉकडाउन को देखते हुए वर्क फ्रॉम होम लागू करने का फैसला लिया है। उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय, निजी विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षण संस्थाओं में वर्क फ्रॉम होम की पॉलिसी चल रही है। इसी पॉलिसी के तहत एलयू में भी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भी काम करेंगे।

**एलयू प्रशासन ने लॉकडाउन को देखते हुए लिया फैसला**

शुक्रवार को प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा मोनिका एस गर्ग की ओर से आदेश जारी किया गया, जिसमें वर्क फ्रॉम होम की नीति सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी नीति के तहत ऑनलाइन टीचिंग कोर्स के साथ ही ऑनलाइन टीचिंग की प्रक्रिया संस्थान को लागू करनी है। इसके अलावा ऑनलाइन मूल्यांकन, रिसर्च, आर्टिकल, प्रॉजेक्ट, क्वेश्चन बैंक, एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए शिक्षकों को प्रॉजेक्ट तैयार करना होगा।

**AMAR UJALA**

## लविवि : अब 20 अप्रैल तक भरे जा सकेंगे परीक्षा फॉर्म

**माई सिटी रिपोर्टर**

**लखनऊ।** एलयू ने सेमेस्टर कक्षाओं के परीक्षा फॉर्म भरने की अवधि बिना किसी विलंब शुल्क के 20 अप्रैल तक बढ़ा दी है। कोरोना से संक्रमण की आशंका में लखनऊ विश्वविद्यालय समेत सभी कॉलेज लॉकडाउन से पहले ही बंद चल रहे हैं। इसे देखते हुए विवि प्रशासन ने परीक्षा फॉर्म की तारीख बढ़ा दी है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि ज्यादातर विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाए हैं। इसे देखते हुए यह फैसला लिया गया है। फॉर्म भरने के बाकी नियम पहले की तरह रहेंगे। विवि की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरा जा सकेगा। इसके लिए विद्यार्थियों को नैड आईडी भी भरनी होगी। नैड आईडी बनाने के लिए विवि की वेबसाइट पर भी लिंक दिया गया है। विद्यार्थियों के ऑनलाइन फॉर्म नैड आईडी बनने पर ही स्वीकार किए जाएंगे। फॉर्म भरने के बाद उसका प्रिंट आउट संबंधित कॉलेज में जमा करना होगा। कॉलेज के प्राचार्यों को ये प्रिंट आउट परीक्षा फीस के साथ 25 अप्रैल तक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा करने होंगे।



**कोरोना के चलते विवि समेत सभी कॉलेज बंद होने से लिया गया निर्णय**